Bharat Temples

नज़र में रहते हो,
मगर तुम नज़र नही आते,
ये दिल बुलाए श्याम तुम्हे,
पर तुम नहीं आते,
नज़र में रहते हों,
मगर तुम नज़र नहीं आते।।

सांसो की हर डोर पुकारे साँवरिया,
नैना तुझको ही ढूँढे है साँवरिया,
तू जो नैनो में आ जाए मेरे,
नैनो को बंद करलू साँवरिया,
इधर नहीं आते सांवरे,
इधर नहीं आते सांवरे,
ये दिल बुलाए श्याम तुम्हे,
पर तुम नहीं आते,
नज़र में रहते हों,
मगर तुम नज़र नही आते।।

होता है आभास तुम्हारा साँवरिया,
लगता है तू पास खड़ा है साँवरिया,
गिरने के पहले ही संभालोगे,
हमको यकीन है ये साँवरिया,
मेहर नही करते क्यूँ तुम,
मेहर नही करते,
ये दिल बुलाए श्याम तुम्हे,

पर तुम नहीं आते,
नज़र में रहते हों,
मगर तुम नज़र नहीं आते।।

रीवा तेरा नाम जपे है साँवरिया,
हरपल तेरी राह तके है साँवरिया,
तेरे आने की आस लिए दिल में,
तक तक नैना थके है साँवरिया,
खबर नहीं लेते हमारी,
खबर नहीं लेते,
ये दिल बुलाए श्याम तुम्हे,
पर तुम नहीं आते,
नज़र में रहते हों,
मगर तुम नज़र नहीं आते।।

नज़र में रहते हो,
मगर तुम नज़र नहीं आते,
ये दिल बुलाए श्याम तुम्हे,
पर तुम नहीं आते,
नज़र में रहते हों,
मगर तुम नज़र नहीं आते।।

Singer : Kamlesh Deepak Drolia

Source:
https://www.bharattemples.com/nazar-me-rehte-ho-magar-tum-nazar-nahi-aate/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw